an>

title: Need to declare 'Mangarh dham' located in Banswada district of Rajasthan as a national heritage.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से राजस्थान प्रदेश के दक्षिणी राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम, जो तीन राज्यों- राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमाओं पर स्थित है। यह स्थान मानगढ़ धाम के नाम से प्रसिद्ध है और आजादी की लड़ाई में वहाँ पर गुरु गोविन्द सिंह जी के नेतृत्व में लगभग 1500 आदिवासी शहीद हो गये थे। इस स्थान पर जालियांवाला बाग से भी ज्यादा जघन्य हत्याकांड हुआ था। मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि पूर्व में वर्ष 2003 से वर्ष 2008 तक राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने ऐतिहासिक पर्यटन एवं संस्कृति की दृष्टि से उसका विकास कराया था। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि मानगढ़ धाम, जो राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के आदिवासियों की संस्कृति का ऐतिहासिक धरोहर है, को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग करता हूँ।

श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाये गये विषय से अपने आप को संबद्ध करता हूँ।